# न्यायालय सहायक कलक्टर दौसा

पीठासीन अधिकारी :– श्री मूलचन्द लूणियां (आर0 ए0 एस0)
मुकदमा नं0 :– 43/2019
दायर दिनांक :– 19.07.2019

## उनवान

1. बुद्धा उर्फ बुद्धाराम पुत्र धोकला
2. कल्या उर्फ कल्याण पुत्र धोकला

जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तहसील दौसा, जिला दौसा।

वादीगण

## बनाम

1. अशोक पुत्र मूल्या जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तहसील दौसा जिला दौसा।
2. बीला पुत्री मूल्या पत्नि जयसिंह जाति गुर्जर हाल निवासी जसौता तह0 व जिला दौसा।
3. सुमन पुत्री मूल्या पत्नि कुम्हेर जाति गुर्जर निवासी खैरवाल तहसील दौसा जिला दौसा।
4. धापा पुत्री मूल्या पत्नि धारासिंह जाति गुर्जर निवासी खैरवाल तह0 व जिला दौसा।
5. आची पुत्री मूल्या पत्नि कुमेर जाति गुर्जर निवासी जसौता तहसील दौसा जिला दौसा।
6. सुनीता पुत्री मूल्या पत्नि राकेश जाति गुर्जर निवासी धपावन तह0 बसवा जिला दौसा।
7. मदन पुत्र धोकला जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तहसील दौसा जिला दौसा।
8. स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा दौसा जरिये शाखा प्रबन्धक।
9. श्रीमति पार्वती पत्नि मूलचन्द जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तह0 व जिला दौसा।
10. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार दौसा।

प्रतिवादीगण

उपस्थित अधिवक्ताः
1. श्री शिवेन्द्र कुमार शर्मा (वादीगण)
2. श्री भूपेन्द्र शर्मा (प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 7)
3. श्री राजेन्द्र कुमार जैन (प्रतिवादी संख्या 8)

सहायक कलक्टर
दौसा, जिला दौसा

## दावा अधिघोषणा एवं दुरूस्ती इन्द्राज एवं स्थाई निषेधाज्ञा

कार्यालय सहायक कलक्टर दौसा, जिला दौसा

### :: निर्णय ::

वकील मय वादीगण ने एक वाद दावा अधिघोषणा एवं दुरूस्ती इन्द्राज एवं स्थाई निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 88 एवं 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि ग्राम मेहसरा कलां तहसील दौसा स्थित भूमि साबिक खसरा नम्बर 104 रकबा 12 बीघा 3 बिस्वा, खसरा नम्बर 122 रकबा 2 बीघा 15 बिस्वा, खसरा नम्बर 247 रकबा 4 बीघा 18 बिस्वा, खसरा नम्बर 288 रकबा 17 बीघा 15 बिस्वा, खसरा नम्बर 307 / 847 रकबा 8 बीघा 5 बिस्वा, खसरा नम्बर 247 / 866 रकबा 2 बीघा कुल किता 6 कुल रकबा 47 बीघा 18 बिस्वा के खातेदार व काबिज काश्तकार छोटू पुत्र पांचू, श्रवण, श्रीया, देवा पिसरान धन्ना, कजोड पुत्र नानगा, धोकला पुत्र हीरा कौम गुर्जर थे। जमाबन्दी संवत 2030 से 2033 संलग्न हैं।

उपरवर्णित भूमी के खातेदारों में से धोकला पुत्र हीरा के फौत होने पर धोकला के वारिसान मदन, मूल्या, कल्या, बुद्धा पिसरान धोकला के नाम विरासत का नामान्तकरण संख्या 176 दिनांक 30.08.1977 को दुरूस्त होना स्वीकार कर दिनांक 01.10.1977 को ग्राम पंचायत मेहसरा कलां द्वारा स्वीकृत किया गया। तत्कालीन पटवारी हल्का व राजस्व कर्मचारियों को चाहिये था कि नामान्तकरण अनुसार राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में इन्द्राज करें, परन्तु तत्कालीन राजस्व कर्मचारियों व तत्कालीन पटवारी हल्का ने गलती करते हुए उक्त धोकला के वारिसान मदन, मूल्या, कल्या, बुद्धा के स्थान पर मात्र मदन, मूल्या का नाम ही राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में दर्ज कर दिया, तथा कल्या व बुद्धा का इन्द्राज राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में करने से रह गया। वर्णित भूमी साबिका खसरा नम्बर 104 रकबा 12 बीघा 3 बिस्वा, खसरा नम्बर 122 रकबा 2 बीघा 15 बिस्वा, खसरा नम्बर 247 रकबा 4 बीघा 18 बिस्वा, खसरा नम्बर 288 रकबा 17 बीघा 15 बिस्वा, खसरा नम्बर 307 / 847 रकबा 8 बीघा 5 बिस्वा, खसरा नम्बर 247 / 866 रकबा 2 बीघा का दौराने सेटलमेन्ट उक्त भूमी के खातेदारों के मध्य बटवारा करके तथा सेटलमेन्ट विभाग द्वारा धोकला के हिस्से की भूमी का इन्द्राज मदन, मूल्या पिसरान धोकला के नाम करके और उपरोक्त साबिका खसरा नम्बरान से नये खसरा नम्बर 315 रकबा 0.02 है०, खसरा नम्बर 316 रकबा 028 है०, खसरा नम्बर 329 रकबा 0.16 है0, खसरा नम्बर 333 रकबा 0.25 है०, खसरा नम्बर 365 रकबा 0.71 है०, खसरा नम्बर 723 रकबा 0. 05 है०, खसरा नम्बर 974 रकबा 1.10 है०, खसरा नम्बर 975 रकबा 1.13 है० कुल किता 8 कुल रकबा 3.70 है० कायम करके उसका इन्द्राज राजस्व रिकार्ड में कर दिया।

सहायक कलक्टर
दौसा, जिला दौसा

उक्त वाद में वकील वादी ने वाद पत्र पेश कर निम्न अनुतोष प्रदान करने का निवेदन किया हैः—

1. यह है कि वाकै ग्राम मेहसरा कलां तहसील दौसा जिला दौसा स्थित भूमी हाल खसरा नम्बर 315 रकबा 0.02 है०, खसरा नम्बर 316 रकबा 0.28 है०, खसरा नम्बर 329 रकबा 0.16 है०, खसरा नम्बर 333 रकबा 0.25 है०, खसरा नम्बर 365 रकबा 0.71 है०, खसरा नम्बर 723 रकबा 0.05 है, खसरा नम्बर 974 रकबा 1.10 है०, खसरा नम्बर 975 रकबा 1.13 है0 कुल किता 8 कुल रकबा 3.70 है० के 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 01 को तथा 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 02 को घोषित फरमाने की कृपा करें, तथा 1/4 हिस्से के खातेदार प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 6 एवं 1/4 हिस्से के खातेदार प्रतिवादी संख्या 07 को प्रतिवादी संख्या 09 के हक अधिकार सुरक्षित रखते हुए घोषित फरमाने की कृपा करें, तद्नुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती इन्द्राज अमल करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें।

2. यह है कि प्रतिवादी संख्या 01 लगायत 07 को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द फरमाने की कृपा करें कि वह वाकै ग्राम मेहसरा कलां स्थित भूमि खसरा नम्बर 315 रकबा 0.02 है०, खसरा नम्बर 316 रकबा 028 है०, खसरा नम्बर 329 रकबा 0.16 है, खसरा नम्बर 333 रकबा 0.25 है०, खसरा नम्बर 365 रकबा 0.71 है०, खसरा नम्बर 723 रकबा 0.05 है०, खसरा नम्बर 974 रकबा 1.10 है०, खसरा नम्बर 975 रकबा 1.13 है0 कुल किता 8 कुल रकबा 3.70 है० के वादीगण के 1/2 हिस्से की भूमी को किसी अन्य को रहन बय विक्रय हस्तान्तरण नहीं करें।

वादपत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया एवं सम्मन जारी किये गये। प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 9 की ओर से जवाब दावा प्रस्तुत किया गया। दिनांक 13.09.2022 को वादीगण के द्वारा अपने वाद की पुष्टि में प्रस्तुत दस्तावेजात पर वकील वादीगण के द्वारा प्रदर्श संख्या 1 लगायत 6 अंकित किये गये। दिनांक 13.01.2025 को वादी के ओर से श्री शिवेन्द्र कुमार शर्मा, अधिवक्ता तथा प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 7 की ओर से श्री भूपेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता की ओर से वकालतनामा पेश किया गया। प्रकरण में वादी संख्या 1 व 2 एवं प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 7 की ओर से एक राजीनामा प्रस्तुत कर कथन किया गया कि प्रकरण में ख0न0 315 के अतिरिक्त शेष खसरा नम्बरान का वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 7 के पक्ष में दावा अनुसार डिक्री फरमाने की कृपा करें। पत्रावली एवं प्रस्तुत राजीनामा का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध जमाबन्दी अनुसार ग्राम मेहसरा कलां तहसील दौसा स्थित वादग्रस्त आराजी ख0न0 316, 329, 333, 365, 723, 974, 975 कुल किता 7 कुल रकबा 3.68 है0 प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 7 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

सहायक कलक्टर
दौसा, जिला दौसा

प्रस्तुत दावे में उक्त वादग्रस्त आराजी के 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 1 को, 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 2 को, 1/4 हिस्से का खातेदार प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 6 को एवं 1/4 हिस्से का खातेदार प्रतिवादी संख्या 7 को उद्घोषित करने का अनुतोष चाहा गया है। प्रस्तुत राजीनामें में वादी संख्या 1, 2 एवं प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 7 ने दावे को स्वीकार करने में अपनी सहमति व्यक्त की है। इस प्रकार राजीनामें के आधार पर दावा स्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होता है। अतः वादी द्वारा प्रस्तुत दावा स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम मेहसरा कलां तहसील दौसा स्थित वादग्रस्त आराजी खसरा नम्बर 316 रकबा 0.28 है0, खसरा नम्बर 329 रकबा 0.16 है0, खसरा नम्बर 333 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 365 रकबा 0.71 है0, खसरा नम्बर 723 रकबा 0.05 है0, खसरा नम्बर 974 रकबा 1.10 है0, खसरा नम्बर 975 रकबा 1.13 है0 कुल किता 7 कुल रकबा 3.68 है0 के 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 01 को, 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 02 को, 1/4 हिस्से का खातेदार प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 6 को एवं 1/4 हिस्से का खातेदार प्रतिवादी संख्या 7 को घोषित किया जाता है। प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 6 संयुक्त रूप से उक्त भूमि के 1/4 हिस्से के खातेदार रहेंगे किन्तु प्रतिवादी सं0 1 लगायत 6 के हिस्से की भूमि में प्रत्येक खातेदार (प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 6) का हिस्सा समान रहेगा। तदनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती करने के आदेश प्रदान किये जाते हैं। निर्णयानुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पालनार्थ तहसीलदार दौसा को तहरीर जारी हो। खर्चा पक्षकार अपना-अपना वहन करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया तथा बाद मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मूलचन्द लूणिया)
सहायक कलक्टर, दौसा

# डिक्री मुकदमा इब्तदाई

**(ओ. 20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)**

अज अदालत ......................................**सहायक कलक्टर दौसा**.............................मुकाम..................**दौसा**.......

ब इजलास.........................................**श्री मूलचन्द लूणियां, आर.ए.एस.** ..........................................................

कार्यालय सहायक कलक्टर दौसा, जिला दौसा

.............................. **बुद्धा वगै0** .........................बनाम.........................**अशोक वगै0** **शेष पुश्त पर**

दावा बाबत..... **दावा अधिघोषणा एवं दुरूस्ती इन्द्राज एवं स्थाई निषेधाज्ञा**

मुकदमा नं. ...**43**....सन्........**2019**

यह मुकदमा आज वारते इनफिसाल कतई रूबरू.....**श्री मूलचन्द लूणियां, आर.ए.एस**........व हाजिरी **श्री शिवेन्द्र कुमार शर्मा, अधिवक्ता वादीगण**......मिनजानिब मुद्दई रूबरू.. **श्री भूपेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता प्रति. सं. 1 लगा. 7), श्री राजेन्द्र कुमार जैन (प्रति. सं. 8)**...मिनजानिब व मुद्दालय पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि:–

वादी द्वारा प्रस्तुत वाद बाबत दावा अधिघोषणा एवं दुरूस्ती इन्द्राज एवं स्थाई निषेधाज्ञा स्वीकार किया जाता है तथा तथा ग्राम मेहसरा कलां तहसील दौसा स्थित वादग्रस्त आराजी खसरा नम्बर 316 रकबा 0.28 है0, खसरा नम्बर 329 रकबा 0.16 है0, खसरा नम्बर 333 रकबा 0.25 है0, खसरा नम्बर 365 रकबा 0.71 है0, खसरा नम्बर 723 रकबा 0.05 है0, खसरा नम्बर 974 रकबा 1.10 है0, खसरा नम्बर 975 रकबा 1.13 है0 कुल किता 7 कुल रकबा 3.68 है0 के 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 01 को, 1/4 हिस्से का खातेदार वादी संख्या 02 को, 1/4 हिस्से का खातेदार प्रतिवादी संख्या 1 लगा. 6 को एवं 1/4 हिस्से का खातेदार प्रतिवादी संख्या 7 को घोषित किया जाता है। प्रति. संख्या 1 लगा. 6 संयुक्त रूप से उक्त भूमि के 1/4 हिस्से के खातेदार रहेंगे किन्तु प्रतिवादी सं0 1 लगायत 6 के हिस्से की भूमि में प्रत्येक खातेदार (प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 6) का हिस्सा समान रहेगा। तदनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती करने के आदेश प्रदान किये जाते हैं।

निज.......................................................मुबलिग.............................................बाबत.....................................................................
..........................

खर्चा इस मुकदमें के मय सूद बशरह...............................................................फीसदी सालाना आज की तारीख से, तारीख अदायगी तक.................................................का अदा करें।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख....**20**......माह.....**02**.......सन् .....**2025**......को जारी की गई।

**दस्तखत**........ सहायक कलक्टर

मुहर

**ओहदा**........दौसा, जिला दौसा

| मुद्दई | रूपये | पैसे | मुद्दायलह | रूपये | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | | | स्टाम्प अर्जी दावा | | |
| स्टाम्प वकालत नामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महन्ताना वकील | | |
| महन्ताना वकील | | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | | | फीस कमिश्नर | | |
| फीस कमिश्नर | | | बाबत इजराय हुक्मनामा | | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | | मुतफरिक | | |
| मुतफरिक | | | | | |

सहायक कलक्टर
दौसा, जिला दौसा

## उनवान

1. बुद्धा उर्फ बुद्धाराम पुत्र धोकला
2. कल्या उर्फ कल्याण पुत्र धोकला

} जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तहसील दौसा, जिला दौसा।

कार्यालय सहायक कलक्टर दौसा जिला दौसा

## बनाम

1. अशोक पुत्र मूल्या जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तहसील दौसा जिला दौसा।
2. बीला पुत्री मूल्या पत्नि जयसिंह जाति गुर्जर हाल निवासी जसौता तह0 व जिला दौसा।
3. सुमन पुत्री मूल्या पत्नि कुम्हेर जाति गुर्जर निवासी खैरवाल तहसील दौसा जिला दौसा।
4. धापा पुत्री मूल्या पत्नि धारासिंह जाति गुर्जर निवासी खैरवाल तह0 व जिला दौसा।
5. आची पुत्री मूल्या पत्नि कुमेर जाति गुर्जर निवासी जसौता तहसील दौसा जिला दौसा।
6. सुनीता पुत्री मूल्या पत्नि राकेश जाति गुर्जर निवासी धपावन तह0 बसवा जिला दौसा।
7. मदन पुत्र धोकला जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तहसील दौसा जिला दौसा।
8. स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा दौसा जरिये शाखा प्रबन्धक।
9. श्रीमति पार्वती पत्नि मूलचन्द जाति गुर्जर निवासी मेहसरा कलां तह0 व जिला दौसा।
10. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार दौसा।

सहायक कलक्टर
दौसा, जिला दौसा